प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
08.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं का समावेश करने पर दिया बल–हिमकेयर योजना के तहत पंचायत स्तर तक मैपिंग करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा–प्रदेश में आधारभूत ढांचे व परिवहन सुधारों के लिए हर सम्भव सहयोग देगी केन्द्र सरकार।
- विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम कल से नई दिल्ली में–हिमाचल से 70 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा।
- सांसद राजीव भारद्वाज ने विकसित भारत जी–राम–जी योजना को बताया फायदेमंद, कहा– हिमाचल को 90–10 के अनुपात में मिलता रहेगा बजट।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर पुनर्नियुक्ति के जरिए अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं का समावेश करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी जो अगले 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं के समावेश से नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इससे लोगों के समय और साधनों की बचत होने के साथ सेवाओं में गुणवत्ता भी आएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमकेयर योजना के तहत पंचायत स्तर तक मैपिंग का कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें मरीज के उपचार से संबंधित डेटा भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि आभा कार्ड का एकीकरण हिम परिवार पोर्टल से किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी बैठक में मौजूद रहे।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में परिवहन विकास परिषद की राष्ट्रीय बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की। इस मौके पर मुकेश अग्निहोत्री ने परिवहन क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और केन्द्र सरकार से इनके समाधान में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने टैक्सी परमिट की अवधि को कम से कम 15 वर्ष करने का आग्रह किया ताकि वाहन मालिकों को लाभ मिल सके। अग्निहोत्री ने कहा कि कलस्टर योजना के तहत ड्राईविंग टैस्ट स्कूल और ऑटोमैटिक टैस्टिंग स्टेशन को अलग–अलग स्थापित करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार लोगों को सुरक्षित व जनहितैषी परिवहन सुविधा देने के लिए केन्द्र सरकार के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रही है। नितिन गडकरी ने हिमाचल की सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे के विकास, परिवहन सुधारों, स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए उनका मंत्रालय हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

विकसित भारत संवाद

विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 का दूसरा संस्करण कल से नई दिल्ली में होगा। यह कार्यक्रम 12 जनवरी तक चलेगा। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में बताया कि इस संवाद का औपचारिक उद्घाटन प्रमुख सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की उपस्थिति में होगा। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी को समापन सत्र में मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के अढ़ाई हजार से अधिक युवा शामिल होंगे।

राज्यपाल

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला स्थित लोकभवन से राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चयनित 70 प्रतिभागियों को नई दिल्ली के लिए रवाना किया। इनमें 65 युवा और 5 एस्कार्ट शामिल हैं जो इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर भाग लेंगे। राज्यपाल ने युवा नेताओं को बधाई देते हुए उन्हें आत्मविश्वास व दृढ़ विश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आहवान किया और कहा कि सिर्फ स्वास्थ्य व एकाग्र पीढ़ी ही विकसित भारत के निर्माण में सार्थक योगदान दे सकती है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने अधिकारियों को केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं। बिलासपुर में आज जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने विभिन्न विभागों से आपसी तालमेल के साथ काम करने का आहवान भी किया।

राजीव भारद्वाज

सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा है कि विकसित भारत जीरामजी अधिनियम के तहत पहाड़ी राज्यों के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा और मनरेगा की तरह ही 90 व 10 के अनुपात में धनराशि मिलती रहेगी। उन्होंने आज धर्मशाला में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि जीरामजी योजना में लोगों को एक सौ 25 दिन के रोजगार का प्रावधान किया गया है और यदि किसी पात्र व्यक्ति को समय पर रोजगार नहीं मिलता तो उसे संबंधित राज्य सरकार की ओर से बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी विकसित भारत जीरामजी योजना को लेकर बेवजह प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से कौशल विकास और स्थानीय उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को किन्नौर जिले में सम्पर्क मार्गों के निर्माण कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए है। रिकांगपिओ में आज जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के निपटारे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। जगत सिंह नेगी ने मूरंग–हरिद्वार रूट पर राज्य परिवहन निगम की बसें नियमित तौर पर चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को चरणबद्ध ढंग से भरा जाएगा। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को लाडा के तहत चल रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पार्टी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में मिशन रिपीट को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने आज शिमला में पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया। विनय कुमार ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस पार्टी 10 जनवरी को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर पुनर्नियुक्ति के जरिए अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्व विभाग में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फिर से नियुक्ति देने का निर्णय लिया है जो बेरोजगार युवाओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के युवा दिन–रात मेहनत कर भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं लेकिन राज्य सरकार सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने राज्य सरकार को इस जनविरोधी निर्णय को तुरंत वापिस लेकर बेरोजगार युवाओं को नौकरियां देने को कहा है।

दुर्घटना

चम्बा–तीसा मार्ग पर बीती रात एक गाड़ी के गुनुनाला में गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य युवकों ने अस्पताल में उपचार के समय दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान बालो, तारो चंद और थान सिंह के रूप में की गई है। सूत्रों के अनुसार चालक ने वाहन पर अचानक नियंत्रण खो दिया जिससे ये 3 सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाईन सुविधाओं का समावेश करने पर दिया बल–हिमकेयर योजना के तहत पंचायत स्तर तक मैपिंग करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा–प्रदेश में आधारभूत ढांचे व परिवहन सुधारों के लिए हर सम्भव सहयोग देगी केन्द्र सरकार।
- विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम कल से नई दिल्ली में–हिमाचल से 70 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा।
- सांसद राजीव भारद्वाज ने विकसित भारत जी–राम–जी योजना को बताया फायदेमंद, कहा–हिमाचल को 90–10 के अनुपात में मिलता रहेगा बजट।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर पुनर्नियुक्ति के जरिए अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप।